उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

हरिद्वार–249404

दूरभाष : 01334–244282

वैबसाइट:psc.uk.gov.in

पत्रांक :: 39 / 67 / उ.कु.प्रसा. / अन्वेषक–संगणक एवं सहा0सांख्यिकी अधि0 परीक्षा–2023 / गोपन–3/2024–25 दिनांक : 22 अक्टूबर, 2024

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **दिनांक 06 से 08 अक्टूबर, 2024** को आयोजित **अन्वेषक–कम–संगणक एवं सहायक सांख्यिकी अधिकारी परीक्षा–2023 (वस्तुनिष्ठ प्रकार) के प्रथम प्रश्नपत्र– सामान्य हिन्दी एवं सांख्यिकी विश्लेषण की तकनीकें तथा द्वितीय प्रश्नपत्र– वैकल्पिक विषयों (गणित / औद्योगिक गणित / व्यावहारिक गणित), (सांख्यिकी / गणितीय सांख्यिकी / व्यावहारिक सांख्यिकी), (अर्थशास्त्र / व्यावहारिक अर्थशास्त्र / व्यावसायिक अर्थशास्त्र / अर्थमिति), वाणिज्य, डाटा विज्ञान** की चारों सीरीज (A, B, C & D) की उत्तरकुंजी को उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की वेबसाइट **psc.uk.gov.in** पर अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रसारित कर दिया गया है। यदि किसी अभ्यर्थी को चारों सीरीज के किसी प्रश्न एवं उत्तर विकल्प पर कोई आपत्ति है तो वह आयोग की वेबसाईट पर **Online Answer Key Objection** हेतु दिये गये लिंक पर जाकर अपनी आपत्तियों को आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार **दिनांक : 23 अक्टूबर, 2024 से 29 अक्टूबर, 2024 (समय रात्रि के 23:59:59 बजे तक)** तक दर्ज करा सकते हैं। अभ्यर्थी द्वारा प्रति–प्रश्न आपत्ति के सापेक्ष निर्धारित शुल्क रू0 50.00 का भुगतान करना होगा।

आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध लिंक **Online Answer Key Objection** के अतिरिक्त ई–मेल, डाक अथवा अन्य किसी माध्यम से प्रेषित आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त अभ्यर्थी द्वारा अन्तिम तिथि के उपरान्त प्रेषित आपत्तियों तथा प्रति–प्रश्न आपत्ति के सापेक्ष निर्धारित शुल्क रू0 50.00 का भुगतान नहीं किये जाने की दशा में प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। उत्तर कुंजी के सापेक्ष आपत्ति दर्ज किये जाने से पूर्व आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध दिशा–निर्देश सम्बन्धी विज्ञप्ति **पत्रांक :: 38 / 67 / अन्वेषक–संगणक एवं सहा0सांख्यिकी अधि0 परीक्षा–2023 / गोपन–3 / 2024–25 दिनांक : 22 अक्टूबर, 2024** का अध्ययन अवश्य कर लें।

-SD-

(गिरधारी सिंह रावत)

सचिव।